# महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय

चक सकीतरा, कुम्हेर, भरतपुर–321201

Ph. & Fax No. 05644-220025, Email- exam@msbrijuniversity.ac.in

Website – www.msbrijuniversity.ac.in


क्रमांक :– मसूबृवि / परीक्षा / 2023 / 2204 दिनांक : 21-02-23

## बी.एड. / बीए–बीएड. / बीएससी–बीएड.मुख्य परीक्षा 2023 के परीक्षा फार्म भरने की सूचना

महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर से सम्बद्ध भरतपुर एवं धौलपुर जिलों में स्थित बी.एड. एवं बीए–बीएड. / बीएससी–बीएड महाविद्यालयों के समस्त नियमित परीक्षार्थियों की मुख्य परीक्षा–2023 के लिए परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन प्रक्रिया से वेबसाईट **www.msbuexam.in** एवं विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.msbrijuniversity.ac.in** से भरे जाने हेतु निम्नानुसार कार्यक्रम घोषित किया जाता है :–

| क्र.सं. | पाठयक्रम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | B.Ed<br>Part I, II | 22.02.2023<br>To<br>02.03.2023 |
| 2 | B.A.B.Ed & B.Sc. B.Ed<br>Part I, II, III, IV | |

नोट :

1. उक्त अनुसार तिथियों में तिथि से अभिप्रायः प्रातः 12:00 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि 11:59 बजे समाप्त होने वाले समय से है।
2. परीक्षा फार्म भरने सम्बन्धी समस्या के लिए हेल्पलाइन मोबाईल नं. 8290845992 एवं 8290845986 पर सम्पर्क करें।

   विस्तृत विवरण के लिए विश्वविद्यालय की वेबवाईट **www.msbrijuniversity.ac.in** का अवलोकन करें। परीक्षा फार्म सावधानी पूर्वक भरें। परीक्षा से सम्बन्धित कतिपय नियम दिशा–निर्देश के परिशिष्ठ–'अ' में देखें। विस्तृत जानकारी के लिए राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर की हेण्डबुक के सम्बन्धित नियम / परिनियम / आर्डिनेन्स राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर की वेबसाईट **www.uniraj.ac.in** पर उपलब्ध है, जो इस विश्वविद्यालय पर भी समान रूप में लागू है।
3. परीक्षार्थियों को अपना नाम हिन्दी एवं अग्रेंजी दोनों माध्यम में भरा जाना अनिवार्य है।

(डॉ.फरबट सिंह)
परीक्षा नियंत्रक

# महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय

चक सकीतरा, कुम्हेर, भरतपुर–321201

Ph. & Fax No. 05644-220025, Email- exam@msbrijuniversity.ac.in

Website – www.msbrijuniversity.ac.in


कमांक :– मसूबृवि / परीक्षा / 2023 / 2204 दिनांक : 21-02-23

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है :–**

1. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालयों को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित कर लें कि नियमित, पूर्वछात्र एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के परीक्षा फार्म अलग–अलग संग्रहित किए जायें एवं यह भी सुनिश्चित करें कि परीक्षा फर्म सही भरे गए हैं एवं परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी दो प्रतियों में वांछित दस्तावेजों के साथ संलग्न है। **परीक्षा फॉर्म के साथ इन्टरनेट से निकलने वाली अंकतालिका मान्य नहीं होगी।**
2. वित्त नियंत्रक, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर को प्रेषित कर निवेदन है कि वे यह सुनिश्चित करने का **श्रम** करे कि मुख्य परीक्षा–2023 हेतु ई–मित्र कियोस्क एवं बैंक पेमेंट गेटवे द्वारा जमा किये गये परीक्षा शुल्क की राशि विश्वविद्यालय के सम्बन्धित बैंक खातों में जमा करवा दी गई है एवं जमा विवरण प्राप्त कर Reconcile करने का भी श्रम करें।
3. प्रबन्ध निदेशक, MD, RISL राजस्थान सरकार, योजना भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर को प्रेषित कर निवेदन है कि MOU की शर्तानुसार परीक्षा शुल्क राशि महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर के खाते में T+2 दिवस में जमा होना सुनिश्चित करने का श्रम करें अन्यथा MOU की शर्तानुसार ब्याज राशि 12 प्रतिशत की दर से देनी होगी। सम्बन्धित ई–मित्र कियोस्क को यह भी सुनिश्चित करावे कि एक बार परीक्षा शुल्क जमा होने के पश्चात् किसी भी परिस्थिति में शुल्क वापस नहीं हो और ई–मित्र पर जमा शुल्क का टोकन निरस्त नहीं होना चाहिए।
4. निजी सचिव, माननीय कुलपति / कुलसचिव, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर।
5. उपकुलसचिव / सहायक कुलसचिव प्रथम एवं द्वितीय / सेलर, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर।
6. ओ.आई.सी., वेबसाईट को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करें।
7. प्री एण्ड पोस्ट फर्म को प्रेषित कर लेख है समबद्वता सूची में उपलब्ध सीटों के विवरण अनुसार ही फार्म भरे जाना सुनिश्चित करें। किसी भी सूरत में संबधित महाविद्यालय में उपलब्ध सीटों के अतिरिक्त फार्म न भरवाये जावे।
8. सहायक कुलसचिव (परीक्षा), महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर को प्रेषित कर लेख है कि बिन्दु संख्या 1 (i) के अनुसार परीक्षा फॉर्म एकत्रित करवाने की व्यवस्था करवायें।
9. सहायक कुलसचिव (सम्बद्धता), महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर को प्रेषित कर लेख है कि विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार में आने वाले समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों की सूची मय आवंटित शीट एवं महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रम विषय, संकायों का ब्यौरा उपलब्ध करावें।
10. जनसम्पर्क अधिकारी, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार भरतपुर एवं धौलपुर जिले में प्रकाशित होने वाले मुख्य समाचार पत्रों (राजस्थान पत्रिका, दैनिक भास्कर एवं राष्ट्रदूत) में एक बार प्रकाशित करवाने एवं समाचार के रूप में भी प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करें।
11. छात्र कल्याण अधिष्ठाता (DSW) महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर।
12. Manager, ICICI Bank, Bharatpur
13. प्रभारी, पूछताछ केन्द्र को प्रेषित कर लेख है कि विद्यार्थियों की पूछताछ हेतु आवश्यक कार्यवाही करावें।
14. रक्षित पत्रावली

(परीक्षा नियंत्रक)

# महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय
## कुम्हेर, भरतपुर

**B.Ed Part-I&II तथा B.A.B.Ed & B.Sc. B.Ed Part I,II,III,IV (Regular & Ex.Student)**
**परीक्षा–2023 आवेदन फॉर्म भरने से संबधित दिशा–निर्देश**

1. **ऑनलाईन परीक्षा शुल्क एवं आवेदन–पत्र**

(अ) सर्वप्रथम छात्र बेबसाईट पर संबधित कक्षा की श्रेणी यथा नियमित/पूर्वछात्र का चयन कर अध्ययन किये गये विषयों का चयन करने हुए परीक्षा फॉर्म भरेंगें।

(ब) फॉर्म ऑनलाईन पूर्ण भरने के पश्चात् भरे गये फॉर्म के आधार पर विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ही शुल्क का निर्धारण होगा। इस चरण में फॉर्म प्रिन्ट नहीं होगा केवल फीस निर्धारित होगी। निर्धारित परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में निर्दिष्ट ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड आदि से ही करनी होगी। शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। परीक्षा शुल्क जमा होने के बाद परीक्षा फॉर्म का प्रिन्ट ले सकेंगें।

(स) शारीरिक रूप से विकंलाग, नेत्रहीन, मूक बधिर (स्थाई/आंशिक) छात्रों को केवल परीक्षा शुल्क की छूट है। इस संबंध में कनिष्ठ विशेषज्ञ द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र जो कि राजकीय मेडीकल ऑफीसर से प्रति हस्ताक्षरित हो, आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है। अन्य निर्धारित शुल्क देय होगा।

(द) परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी पर यथा स्थान पर हस्ताक्षर कर मय आवश्यक समस्त प्रमाण पत्रों, दस्तावेजों एवं पूर्व में उत्तीर्ण की गई परीक्षाओं की अंकतालिकाओं आदि के साथ अगले दो कार्य दिवसों में परीक्षा फॉर्म पर अंकित संबधित महाविद्यालय में जमा करवाना होगा। इन्टरनेट के माध्यम से प्रिंट की हुई अंकतालिकाऐं मान्य नहीं होगी।

**परीक्षार्थी ध्यान रखे :–**

(अ) यदि परीक्षा फॉर्म में छपी हुई कोई भी सूचना सही नहीं है या आपके विवरण से मेल नहीं खाती है तो इसे निरस्त मान कर प्रारम्भ से नया परीक्षा फॉर्म भरें।

(ब) परीक्षा फॉर्म में मुद्रित सभी सूचनाऐं सही होने पर ही भुगतान की प्रक्रिया हेतु आगे बढ़ें।

(स) एक बार परीक्षा शुल्क जमा करवाने के पश्चात् शुल्क वापस नहीं होगा।

2. अधिनियम–323 के अनुसार बी.एड. के नियमित परीक्षार्थियों के लिए All Courses work & practicum में 80% तथा school internship में 90% उपस्थिति अनिवार्य है, इससे कम उपस्थिति वाले परीक्षार्थियों की संबधित महाविद्यालय से प्राप्त सूची के आधार पर वे नियमित परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगें। संबधित महाविद्यालय के प्राचार्य उपरोक्तानुसार कम उपस्थिति वाले परीक्षार्थियों की सूची सत्र 2022–23 पूर्ण होने के पश्चात् 50/– रूपये के स्टाम्प पेपर पर (मय कॉलेज कोड एवं प्रत्येक कक्षा के लिए all course work & practicum एवं school internship के लिए अलग–अलग) निम्न प्रोफार्मा में विश्वविद्यालय को भेजेंगे।

# शपथ पत्र

मैं.............................................................................प्राचार्य.............................................................कॉलेज कोड न0..........
.........शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि महाविद्यालय में सभी छात्रों का प्रवेश P.T.E.T.-2022 की सूची के अनुसार ही किया गया हैं तथा निम्न विद्यार्थियों के अतिरिक्त सभी ने बी.एड. पार्ट प्रथम एवं द्वितीय परीक्षा–2023 के लिए नियमानुसार all course work & practicum में 80% तथा school internship में 90% उपस्थिति पूर्ण कर ली है।

**Short Attendance वाले परीक्षार्थियों की सूची**

| क्र0स0 | परीक्षा फॉर्म संख्या | Mention Enrolment no. | | | छात्र का नाम | पिता का नाम | कुल कार्य दिवस |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Already | Applied | Not Applied | | | |
| 1 | 2 | 3 | | | 4 | 5 | 6 |

| उपस्थिति दिवस (सम्पूर्ण कोर्स वर्क एवं प्रेक्टिकल) | उपस्थिति का प्रतिशत | उपस्थिति दिवस (स्कूल इर्न्टनशिप) | उपस्थिति का प्रतिशत | पूर्ण विवरण (कॉलम स0 03) |
|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |

निम्न परिक्षार्थियों ने बी.एड. परीक्षा 2023 के लिए निम्नानुसार 80% all course work & practicum तथा school internship में 90% उपस्थिति पूर्ण कर ली है।

**प्राचार्य**

| क्र0स0 | परीक्षा फॉर्म संख्या | Mention Enrolment no. | | | छात्र का नाम | पिता का नाम | कुल कार्य दिवस |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Already | Applied | Not Applied | | | |
| 1 | 2 | 3 | | | 4 | 5 | 6 |

| उपस्थिति दिवस (सम्पूर्ण कोर्स वर्क एवं प्रेक्टिकल) | उपस्थिति का प्रतिशत | उपस्थिति दिवस (स्कूल इर्न्टनशिप) | उपस्थिति का प्रतिशत | पूर्ण विवरण (कॉलम स0 03) |
|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |

**प्राचार्य**

3. बी.ए.–बी.एड. एव बी.एस.सी–बी.एड के छात्र/छात्राओं के संदर्भ में उनकी उपस्थिति का ब्यौरा भी उपरोक्त शपथ पत्र (स्टाम्प पेपर पर) के अनुसार सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करेंगे।
4. अधिनियम–182 के अनुसार परीक्षा शुल्क एक बार जमा होने के उपरान्त लौटाया नहीं जावेगा।
5. अधिनियम–168–ए एव बी के प्रावधानों के अनुसार छात्र एक वर्ष में दो उपाधि की परीक्षा नहीं दे सकते हैं अन्यथा परीक्षार्थी की दोनों परीक्षायें निरस्त करने का प्रावधान है।
6. अधिनियम–169–H के अनुसार परीक्षा परिणाम घोषित होने/अंकतालिका जारी हो के पश्चात् यदि किसी प्रकार की गलती संज्ञान में आती है, तो परीक्षा परिणाम/अंकतालिका में आवश्यक संशोधन करने का अधिकार विश्वविद्यालय को है।
7. विश्वविद्यालय परीक्षा–2022 में प्रविष्ट हो चुके छात्रों के परीक्षा फॉर्म पिछली कक्षा के रोल नम्बर से ही भरे जा सकेंगें। इस फॉर्म की जॉच कर लें। इस फॉर्म में अपना ई–मेल आई.डी. मोबाईल नम्बर एवं घर के पते में यदि कोई परिवर्तन हो तो परीक्षार्थियों के लिए संशोधन करने की सुविधा उपलब्ध होगी।
8. यह सुनिश्चित करें की छात्र अपना, पिता व माता का नाम वही भरें जैसा कि बोर्ड/विश्वविद्यालय की पूर्व में उत्तीर्ण परीक्षा की अंकतालिका में अंकित है।
9. सभी परीक्षार्थियों को निर्धारित स्थान पर अपना आधार नम्बर अंकित करना होगा।
10. यह भी आवश्यक रूप से नोट करें कि सम्बन्धित महाविद्यालय एवं परीक्षार्थी ध्यान रखें कि चयनित शैक्षणिक विषयों का एक बार चयन कर ऑनलाईन शुल्क जमा करवाने के पश्चात बाद में किसी भी परिस्थिति में बदलाव संभव नहीं होगा।
11. जिन छात्रों ने परीक्षा 2022 में पुर्नमूल्याकंन के लिए आवेदन किया है तथा उनका पुनर्मूल्याकंन परिणाम घोषित नहीं हुआ है, ऐसे छात्र वर्तमान में जो पात्रता रखते हैं, तद्नुसार ही निर्धारित समय अवधि में ऑनलाईन आवेदन–पत्र प्रस्तुत करें। पुनर्मूल्याकंन के पश्चात् यदि इनका परिणाम परिवर्तित होता है तो परीक्षा फॉर्म आवश्यक संशोधन के लिए निर्धारित प्रोफार्मा भरकर बकाया शुल्क तथा अंकतालिका की प्रति सहित महाविद्यालय के माध्यम से विश्वविद्यालय में जमा करावें। निर्धारित समय अवधि के पश्चात् परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।
12. बी.ए.–बी.एड. एव बी.एस.सी.–बी.एड. पार्ट द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ के परीक्षा आवेदन पत्र के साथ पार्ट–प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय (जो भी लागू हो) की अंकतालिका तथा बी.एड. भाग द्वितीय के परीक्षा आवेदन पत्र के साथ बी.एड. पार्ट–प्रथम एवं स्नातक/स्नातकोत्तर की अंकतालिकाऐं संलग्न करें।
13. B.Ed. Ord. 326-D के परीक्षाथी स्नातक/स्नातकोत्तर एवं बी.एड. की अंकतालिऐं सलंग्न करें। अध्यादेश 326-D के तहत परीक्षा में प्रविष्ठ होने वाले छात्र सम्बन्धित विषय एवं उसकी प्रायोगिक परीक्षा में बी.एड. भाग द्वितीय के साथ सम्मिलित होंगे।
14. ऐसे छात्र जो बी.एड. भाग प्रथम के तीन विषयों तक (अनिवार्य/ऐच्छिक विषय/प्रायोगिक) में अनुत्तीर्ण हैं वे उन विषयों की परीक्षा बी.एड. भाग द्वितीय की परीक्षा के साथ प्रविष्ठ होंगे।
15. ऐसे छात्र जो बी.एड. भाग प्रथम के तीन विषयों तक (अनिवार्य/ऐच्छिक विषय/प्रायोगिक) में अनुत्तीर्ण हैं वे बी.एड. भाग प्रथम एवं द्वितीय के प्रायोगिक सहित अनुपस्थित रहे हैं उन्हें भी आंतरिक एवं सैद्धांतिक दोनों में प्रविष्ट होना अनिवार्य है।
16. ऐसे छात्र जो बी.एड. भाग द्वितीय के तीन विषयों तक (अनिवार्य/ऐच्छिक विषय/प्रायोगिक) में अनुत्तीर्ण हैं वे उन विषयों की परीक्षा में पूर्व छात्र के रूप में बी.एड. भाग द्वितीय की परीक्षा में प्रविष्ट होंगे।
17. ऐसे छात्र/छात्रा जिनकी गत वर्ष उपस्थिति पूर्ण नहीं थी अर्थात जिनकी (Short Attendance) थीं, वे छात्र/छात्रा परीक्षा आवेदन पत्र भरने के योग्य नहीं है, साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य भी यह सुनिश्चित करें कि ऐसे छात्रों कै परीक्षा आवेदन पत्र न तो स्वीकार करें अथवा ना ही विश्वविद्यालय को अग्रेषित करें।
18. विश्वविद्यालय नियमानुसार बी.एड. छात्र/छात्राऐं जिस सत्र में नियमित रूप से अध्ययनरत रहे हैं उन्हें उसी सत्र में इन्टर्नशिप पूर्ण करना आवश्यक है। अतः ऐसे पूर्व छात्र/छात्राऐं जिन्होंने नियमित छात्र/छात्रा रहते हुए इन्टर्नशिप पूर्ण नहीं कि है ऐसे छात्र परीक्षा आवेदन हेतु पात्र नहीं है। अतः महाविद्यालय यह सुनिश्चित कर लें कि केवल योग्य छात्र/छात्रा ही परीक्षा हेतु आवेदन पत्र ही विश्वविद्यालय को अग्रेषित करें।

19. परीक्षा फॉर्म जमा करने सम्बन्धी निर्देश :–

(अ) नियमित परीक्षार्थी अपने परीक्षा फॉर्म आवश्यक दस्तावेजों सहित सम्बन्धित महाविद्यालय जिसके वे नियमित परीक्षार्थी हैं वहाँ पर जमा करवायें।

(ब) पूर्व परीक्षार्थी Ex-Student परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी मय समस्त शैक्षणिक दस्तावेज एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ उसी महाविद्यालय में जमा करवायें, जिस महाविद्यालय से वे नियमित परीक्षार्थी के रूप में अनुत्तीर्ण हुये थे।

20. परीक्षार्थी परीक्षा फॉर्म को सावधानी पूर्वक भरें, अन्यथा :–

नियमित पूर्व छात्रों के फॉर्म में किसी भी प्रकार की कोई भी त्रुटि (जैसे– नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म तिथि, एनरोलमेन्ट नं0 इत्यादि) हो तो परीक्षा फॉर्म की दोनों प्रतियों में लाल स्याही से ठीक कर प्रमाण सहित संबधित महाविद्यालय में जमा करायें। महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय को परीक्षा फॉर्म अग्रेषित करने के पश्चात् संशोधन करवाने पर बी.एड. पाठ्यक्रमों के संदर्भ में रूपये 100/– प्रत्येक त्रुटि के हिसाब से परीक्षा फॉर्म परीक्षार्थी द्वारा संबधित महाविद्यालय में जमा करवाने पर सुधार संभव होगा।

21. परीक्षार्थी ध्यान रखे कि विश्वविद्यालय में डाक द्वारा प्राप्त परीक्षा फॉर्मो पर विचार नहीं किया जाएगा। अतः ऐसे परीक्षा फॉर्म स्वतः ही निरस्त समझे जाऐगें।

22. ऐसे छात्र जिन्होनें अपनी परीक्षा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर से उत्तीर्ण की है वे अपनी अंकतालिका की सत्यापित कॉपी ऑनलाईन परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी के साथ संलग्न करें।

23. विश्वविद्यालय में पूर्व नामांकित छात्रों को स्नातक/स्नातकोत्तर उत्तीर्ण कक्षा की अंकतालिका की सत्यापित फोटो प्रति परीक्षा आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

25 परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित परीक्षा केन्द्र की सूचना प्रवेश–पत्र के माध्यम से उपलब्ध करायी जायेगी।

26. ऑनलाइन परीक्षा शुल्क जमा कराने के पश्चात् निर्धारित समय सीमा में परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी संबंधित महाविद्यालय में जमा नहीं कराते है, उन्हें सिर्फ परीक्षा शुल्क जमा कराने के आधार पर परीक्षा में सम्मिलित होने की स्वीकृति नहीं दी जाएगी।

27. संबंधित महाविद्यालय, परीक्षा आवेदन–पत्र जमा करने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षार्थी का नामांकन हो गया है। उस कक्षा की पात्रता पूर्ण करता है तथा उसके परीक्षा आवेदन–पत्र की सम्पूर्ण प्रविष्टिया पूर्ण रूप से भरी जा चुकी है। यदि आवेदन–पत्र में किसी प्रकार की प्रविष्टि जैसे– परीक्षार्थी के निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर, पूर्व में उतीर्ण किए गये प्रश्न–पत्रों के नाम, पूर्व की परीक्षा के अनुक्रमांक अथवा परीक्षार्थी के नामांकन आदि नहीं पाये जाते हैं तो उन्हें परीक्षार्थी द्वारा पूर्ण करवाने के पश्चात् ही परीक्षा आवेदन–पत्र अग्रेषित करें। महाविद्यालय द्वारा यह ध्यान रखा जाना है कि परीक्षा आवेदन–पत्र हार्ड प्रति के साथ मय आवश्यक अंकतालिकाएँ एवं अन्य दस्तावेज आदि सलंग्न हो।

28. संबंधित महाविद्यालय यह सुनिश्चित करें कि:–

(i) प्रत्येक छात्र ने अपना परीक्षा आवेदन फार्म पूर्णतः सही एवं स्पष्टतः भरा हो।

(ii) चुंकि School Internship उपस्थिति का पार्ट है अतः प्रत्येक बी0एड0 छात्र नियमित अध्ययनरत रहते हुए ही अपनी internship समय पर पूर्ण करें। पूर्व छात्र के रूप में internship पूर्ण नहीं की जा सकती है।

(iii)प्रत्येक बी.एड. छात्र Course work एवं school internship में नियमित रहें तथा समय पर internship पूर्ण करें।

(iv)प्रत्येक आवेदन फार्म के साथ अर्हकारी परीक्षाओं की अंकतालिकाओं की छायाप्रतिलिपि ही संलग्न करें। इन्टरनेट द्वारा डाउनलोड की हुई अंकतालिका मान्य नहीं है।

(v) विश्वविद्यालय नियमानुसार प्रवेश की तिथि से तीन वर्ष के भीतर ही बी.एड. पाठ्यक्रम पूर्ण किया जा सकता है अतः समयावधि पूर्ण होने की स्थिति में किसी भी छात्र का परीक्षा आवेदन फार्म न तो स्वीकार करें तथा ना ही विश्वविद्यालय को अग्रेषित करें।

(vi)परीक्षा आवेदन पत्रों के साथ संबंधित महाविद्यालय का विश्वविद्यालय द्वारा जारी सम्बद्धता आदेश की प्रतिलिपि संलग्न करना आवश्यक होगा।

(vii) महाविद्यालय यह सुनिश्चित करें कि जिस छात्र/छात्रा का परीक्षा फॉर्म विश्वविद्यालय को प्रेषित किया जा रहा है वह छात्र/छात्रा विश्वविद्यालय नियमानुसार परीक्षा में बैठने हेतु पूर्णतया योग्य है तथा उसने विश्वविद्यालय नियमानुसार ही विषयों का चयन किया है।

(viii) महाविद्यालय द्वारा बी.एड. पुर्व छात्र के परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय को अग्रेषित करने से पूर्व यह सुनिश्चित किय जाना अनिवार्य है कि जिस छात्र का परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय को अग्रेषित किया जा रहा है उसकी पूर्व के वर्षों मे कम उपस्थिति (Short Attendance) नहीं रही हो तथा परीक्षा में अन्तराल (Gape) के दौरान उसके द्वारा परीक्षा फॉर्म भरा हो तथा उसे विश्वविद्यालय द्वारा अनुक्रमांक जारी किया गया हो अथवा अंकतालिका जारी की गयी हो।

(ix)महाविद्यालय द्वारा इस विज्ञप्ति में जारी गये निर्देशों का पालन ना करने पर विश्वविद्यालय द्वारा इसे गंभीरता से लिया जायेगा तथा महाविद्यालयों पर प्रशासनिक शास्ति लगायी जा सकती है।

29. **<u>महाविद्यालय द्वारा वेबसाईट पर पंजीयन तथा परीक्षा फॉर्म जमा कर अग्रेषित करने की प्रकिया</u>**

नियमित एवं पूर्वछात्र ऑनलाईन शुल्क जमा करवाकर दो प्रतियों में परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी मय आवश्यक दस्तावेज के संबंधित महाविधालय (जो परीक्षा फॉर्म पर मुद्रित हैं) में जमा करवायेंगे। संबंधित महाविद्यालय परीक्षा फॉर्मों को निम्नानुसार कक्षावर व्यस्थित कर निर्धारित तिथि तक विश्वविद्यालय को सुपुर्द करेंगें:–

**(A) नियमित एवं पूर्वछात्र परीक्षार्थी :–**

(अ) सर्वप्रथम सभी महाविद्यालय उनको आवंटित महाविद्यालय कोड़ से वेबसाईट www.msbrijuniversity.ac.in के कॉलेज पोर्टल पर अपना ई–मेल आई.डी. एवं मोबाईल नम्बर का रजिस्ट्रेशन करवायेगें। तत्पश्चात् उन्हें महाविद्यालय लॉगिन आई.डी. पर उपलब्ध कराया जायेगा। महाविद्यालय अपना नया पासवर्ड बदलने के विकल्प पर अपना नया पासवर्ड उसी वेबसाईट पर अपने स्तर पर बदल सकेगें।

(ब) ऑनलाईन गेटवे द्वारा जमा शुल्क के साथ प्राप्त परीक्षा फॉर्मो की हार्ड कॉपी को कक्षा एवं श्रेणीवार उसी वेबसाईट के कॉलेज पोर्टल पर प्रतिदिन प्रत्येक छात्र के फॉर्म को Verify बटन से Verify करें। संबंधित कक्षा के सभी फॉर्म Verify होने के पश्चात् प्रिंट ऑपशन पर जाकर Nominal Roll का प्रिंट लें। तत्पश्चात् Nominal Roll लिस्ट के कम के अनुसार ही परीक्षा फॉर्मों को व्यवस्थित कर Nominal Roll लिस्ट के साथ विश्वविद्यालय कमरा नं. 131 में स्वयं जमा करवायें।

(स) महाविद्यालय ध्यान रखें– उक्त प्रक्रिया के अभाव में परीक्षा फॉर्म स्वीकार नहीं किये जा सकेगें।

(B) विश्वविद्यालय से समबद्ध निजी महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा बी.ए.–बी.एड., बी.एस.सी.–बी.एड. एव बी.एड. पार्ट–प्रथम कक्षाओं हेतु आवंटित सीटों एवं आवंटित विषयों के अनुसार ही नियमित छात्रों से फॉर्म भरवाए गए हैं, इस आशय का शपथ–पत्र संबंधित प्राचार्यों द्वारा परीक्षा फार्मों के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(C) सम्बन्धित महाविद्यालय सुनिश्चित रहें कि पूर्व परीक्षार्थियों (Ex-student) के परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी उसी महाविद्यालय में जमा करें, जिस महाविद्यालय से वे नियमित परीक्षार्थी के रूप में अनुत्तीर्ण हुये थे। शपथ पत्र के अभाव में परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होगे।

(D) ऑनलाईन गेटवे के माध्यम से जमा शुल्क के परीक्षा फार्मों को ही स्वीकार करें। अन्य किसी माध्यम से जमा शुल्क के परीक्षा फार्मो को स्वीकार नहीं करें। यह जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय की होगी। महाविद्यालयों में नियमित एवं पूर्व परीक्षार्थियों के ऑनलाईन गेटवे द्वारा जमा परीक्षा शुल्क के पश्चात् संकलित परीक्षा फॉर्मो की हार्ड कॉपी मय दस्तावेज दिशा–निर्देश में वर्णित प्रक्रिया के अनुसार परीक्षा फर्मो को व्यवस्थित कर अनिवार्य रूप से परीक्षा फार्म दिनांक 10.03.2023 तक महाविद्यालय को ही विश्वविद्यालय कमरा नं. 104 मे जमा कराना होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात् परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किये जायेगें। उक्त प्रयोजनार्थ यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

**नोटः–** महाविद्यालय लॉगिन करने एवं परीक्षा फार्म Verify करने सम्बन्धी समस्या के लिए हेल्पलाईन नम्बर **8172885663, 7880501766 & 8290845992** पर सम्पर्क कर सकते है एवं परीक्षा शुल्क के संदर्भ में किसी प्रकार की पूछताछ के लिए बैंक हेल्पलाईन नम्बर ICICI Bank- **8459698230 & 6375623136** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

30. परीक्षा– 2023 के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क निम्नानुसार हैः–

**FEE PAYABLE FOR PROFESSIONEL COURSES EXAM. 2022-23**

| S.No. | Name of Exam | Category of Students | |
|---|---|---|---|
| | | Regular | Ex-Students |
| 1. | B.Ed. (I/II Yr.) | 2540/- | 2660/- |
| 2. | Due Papers | Exam fees + 430/- Per Paper | |
| 3. | B.A. B.Ed., B.Sc. B.Ed. Part I/II/III/IV | 2540/- | 2660/- |
| 4. | Due Papers | Exam fees + 430/- Per Paper | |
| 5. | Physically Challenged Students of Above Category | 590/- | 670/- |

**In addition to above Exam fee Rs. 130/- Per Practical Examination be charged from the Regular & Ex-Students appearing in Professional Examinations (B.A.-B.Ed./B.Sc.B.Ed. and B.Ed. for the Session 2022-23)**

**Candidate Not Enrolled with the University will have to pay the following**

| S. No. | Enrollment Fee & Eligibility Fee | Fee for session 2022-23 (Regular) |
|---|---|---|
| 1. | Enrollment Fee | 240/- |
| 2. | Eligibility Fee (For those candidates who have passed their qualifying exam from other than the Board of sec. Edu. Rajasthan & MSBU, Bharatpur) | 240/- |
| 3. | Sports Fees | 30/- |
| 4. | Development Fees | 60/- |

Note: विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उक्त परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त संबंधित महाविद्यालय द्वारा अन्य शुल्क परीक्षार्थियों से नहीं लिया जावे।